
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024



लेट्स प्ले / पूर्ति खरे

# खेलें खेल
## बनें एक्टिव-हेल्दी-हैप्पी

खेलना हर बच्चे को पसंद होता है। स्टडी और बाकी रूटीन-वर्क के साथ-साथ खेलना भी बहुत जरूरी होता है। खेलने से ताजगी तो मिलती ही है, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी सही रहता है। खेलना क्यों जरूरी है, इससे क्या फायदे हैं, जानो।

बच्चों, तुमने घर के बड़ों के मुंह से अकसर सुना होगा, 'स्वस्थ तन में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।' पढ़ाई और बाकी मेंटल एक्टिविटीज में एक्टिव रहने के लिए तुम्हारा फिजिकली फिट रहना बहुत जरूरी है। जब तुम कोई गेम, खासकर आउटडोर गेम खेलते हो तो इससे तुम्हारा शरीर फिट रहता है, साथ ही मानसिक विकास भी अच्छा होता है। इसके अलावा खेलने से दूसरे और भी कई लाभ हैं, तुम्हें इसकी भी जानकारी होनी चाहिए, ताकि तुम शारीरिक और मानसिक रूप से हमेशा स्वस्थ रहो।



**उमंग-उत्साह का संचार:** हमारा मन हमेशा उन कामों को करना चाहता है, जिसे करने में हमें खुशी मिलती है। खेल कुछ ऐसी ही एक्टिविटी है, जब भी हम कोई खेल खेलते हैं, हम उमंग-उत्साह से भर उठते हैं। इससे हमें एक पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। इससे हमारा कंसंट्रेशन अच्छा होता है, जो पढ़ाई में काम आता है, साथ ही अन्य दूसरी एक्टिविटीज में भी हम आगे बढ़ते हैं। यही वजह है कि आजकल स्कूलों में भी फिजिकल और मेंटल एक्टिविटीज को इंपॉर्टेंस दी जाती है।

**बनते हैं डिसिप्लिंड-सेल्फ डिपेंड:** खेल में सफल होने के लिए एक डिसिप्लिन तो जरूरी है ही, साथ ही स्वयं के प्रयास भी बहुत जरूरी हैं, यही प्रयास हमें सेल्फ डिपेंड बनाते हैं। खेल में सफल होने के लिए नियमित अभ्यास भी बहुत जरूरी है। जो खिलाड़ी इन तीनों बातों का पालन करता है, वह बेहतर प्रदर्शन करता है, सफल होता है। इस तरह खेल हमें सिखाते हैं कि सफल जीवन के लिए डिसिप्लिन, सेल्फ डिपेंडेंट और निरंतर अभ्यास बहुत जरूरी हैं।

**पता चलता है संगठित शक्ति का महत्व:** अधिकांश खेल समूह में खेले जाते हैं। प्रतियोगी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलती हैं, लेकिन वे अपनी टीम के प्रति सहयोगात्मक और समर्पित रहती हैं। खेल हमें सिखाते हैं कि जब हम संगठित होकर काम करते हैं, तो निश्चित ही हम श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।



**प्रतिस्पर्धा की भावना हमें श्रेष्ठ करने का जज्बा देती है:** प्रतिस्पर्धा हमें दूसरों से आगे निकलने के लिए प्रेरित करती है। खेलों में यह भावना पूरी तरह से देखी जाती है। यह हमें सिखाती है कि जो आज अच्छा है, वह कल और बेहतर हो सकता है। यही भावना जीवन में भी लागू होती है, जो हमें बेहतर से भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है।

**बढ़ती है मेंटल-फिजिकल एक्टिविटी:** आजकल बच्चे सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव हैं, इससे उनकी सेहत और याददाश्त प्रभावित होती है। खेल शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सक्रियता प्रदान करते हैं, इससे सेहत और याददाश्त सुधरती है। खेल ना केवल तन को बल्कि मन को भी तंदुरुस्त रखते हैं। इस तरह शारीरिक सक्रियता के लिए खेलना जरूरी है।

**हरेक खेल का है अपना महत्व:** खेल के मैदान में खेले जाने वाले खेल हों या दिमागी खेल, हर खेल का अपना महत्व है। खेल जीवन को सक्रिय और दिलचस्प बनाते हैं। हर खेल हमें जीवन से जुड़ी कोई ना कोई सीख देता है। खेलों के माध्यम से हम समय का उपयोग बेहतर ढंग से कर सकते हैं, खुद को रिफ्रेश और अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। *

### कुछ पुराने रोचक खेल

जब बात खेलों की चल ही रही है तो हम कुछ पुराने और परंपरागत खेलों को भी याद करें। ये खेल बहुत ही रोचक, दिलचस्प और मनोरंजक होते थे। बच्चों, जानो इन खेलों के बारे में।

**घोड़ा दीवानशाही:** यह एक समूह में खेला जाने वाला खेल है, जिसे बच्चे गोल घेरे में बैठकर खेलते हैं। किसी एक बच्चे के पीछे कपड़े का एक कोड़ा चुपके से रखा जाता है। अगर उसे कोड़े रखे जाना का पता नहीं चलता तो फिर उस पर कोड़े बरसाए जाते हैं।

**गिल्ली-डंडा:** बहुत ही पुराना खेल है गिल्ली-डंडा। इसमें गिल्ली को डंडे से उछालकर खेला जाता है।

**चपेटा (गोटा):** लड़कियां इस खेल को ज्यादा खेलती हैं। इस खेल में लड़कियां छोटे पत्थर उछाल कर अपने हाथ से पकड़ती हैं।





**चंदा-पउवा (कौड़ी):** चार खिलाड़ियों के साथ खेला जाने वाला खेल, जिसमें गोटियों से अंक जुटाए जाते हैं।

**पर्ची वाले खेल:** पढ़ाई को मजेदार बनाने के लिए यह खेल खेला जाता है, जिसमें वस्तु और शहर के नाम लिखे जाते हैं।

**गिप्पी:** यह खेल चिकने पत्थर से खेला जाता है, इस खेल को ज्यादातर लड़कियां ही खेलती हैं।

**अंताक्षरी:** कई लोग बैठकर यह खेल खेलते हैं। इसमें दो टीम होती हैं। गाने के अंतिम अक्षर पर टीम के किसी सदस्य हो गाना होता है। एक टीम के सदस्य का गाना खत्म होने पर दूसरी टीम का सदस्य गाने के अंतिम अक्षर का गाना गाता है। यह खेल बहुत मनोरंजक होता है।

यह भी जानो / नयनतारा

बच्चों, ऑर्केस्ट्रा में, फिल्मी गीतों में या फिर गीत-संगीत के किसी कार्यक्रम में बहुत सारे म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स के साथ-साथ सबसे अधिक संख्या में जो इंस्ट्रूमेंट प्ले किया जाता है, वह है-वायलिन! आओ, हम तुम्हें 'साजों की रानी' वायलिन के आविष्कार की कहानी बताते हैं।



# वायलिन के आविष्कार की कहानी

बच्चों, अगर तुम सौ संगीतकारों का कोई ऑर्केस्ट्रा देखोगे तो उसमें तीस से अधिक वायलिन बजाने वाले होंगे। वायलिन की टोन, इससे निकलने वाली धुनों और इसके एक्सप्रेशन के मल्टीपल लेवल और विस्तृत रेंज के कारण इसे ऑर्केस्ट्रा और अन्य म्यूजिकल इवेंट्स में अधिक महत्व दिया जाता है।

**वायलिन के शुरुआत की जड़ें भारत में:** बच्चों, वायलिन को विकसित होने में सैकड़ों वर्ष लगे। इसकी शुरुआत अपने देश भारत से मानी जाती है। दरअसल, हमारे देश में ही तारों के साज (म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट) बजाने का चलन आरंभ हुआ था। समय के साथ वीणा, सारंगी, तंबूरा, एकतारा, सितार जैसे साजों का आविष्कार होता गया और ये साज प्रचलन में आते गए। हम देख सकते हैं, आज भी हमारे लोक संगीत में एकतारा, सारंगी, सितार आदि तार वाले म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स प्रमुखता से बजाए जाते हैं।




**हमसे इंस्पायर हुए यूरोपवासी:** हमारे तार वाले म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स से प्रेरित होकर ही मध्य युग के शुरुआत में यूरोप में अनेक तार वाले साज, 'बो'(धनुषाकार तार वाला उपकरण) के जरिए बजाए जाने लगे। इन साजों में से ही एक 'वीएल्ले' था, जो यूरोप में संभवतः 10वीं शताब्दी में बजाया जाने लगा था। इसे संगीतकार अपने कंधे से लगाकर बजाता था।

**दो साजों के मिलने से बना एक साज:** आगे चलकर वीएल्ले के स्वरूप में भी परिवर्तन आया। उन दिनों एक अरबी साज 'रबाब' या 'रेबेक' भी प्रचलन में आ चुका था। वीएल्ले की स्ट्रेंडी बॉडी में बहुत होशियारी से रबाब के पेग शामिल कर दिए गए और इस मिश्रण से एक नए साज का जन्म हुआ। यह नए प्रकार का इंस्ट्रूमेंट कुछ-कुछ वायलिन जैसा ही था।

**वायलिन के वास्तविक स्वरूप का आविष्कार:** वैसे तो वायलिन को अपना बुनियादी आकार सन 1550 और 1600 के बीच में मिला और तब से उसमें बहुत मामूली परिवर्तन ही आया है। सबसे सफल वायलिन 17वीं-18वीं शताब्दी में बनाए गए। इटली के अंटोनियो स्ट्राडिवारी का वायलिन निर्माण के क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्ट्राडिवरी अलग-अलग प्रकार के म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का निर्माण करते थे। इन्होंने एक हजार से अधिक म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का आविष्कार किया था, जिनमें से अधिकतर वायलिन थे। म्यूजिक और वायलिन के प्रति इनकी दीवानगी के कारण स्ट्राडिवरी को 'उस्तादों का उस्ताद' कहा जाता था।

बच्चों, पांच सौ से अधिक वायलिंस ऐसे हैं, जिनके नाम उन महान संगीतकारों के नाम पर पड़े, जो उन्हें बजाते थे, जैसे-विओट्टी..आदि। *

## जीके क्विज-125

1. हाल ही में किस फेमस टेनिस खिलाड़ी ने संन्यास की घोषणा की?
2. चुनाव के बाद एक बार फिर से हरियाणा के मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
3. पिछले दिनों फ्रांस के नए प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. आइसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन कहां किया जा रहा है?
5. स्वाधीनता से पूर्व साइमन कमीशन कब भारत आया था?
6. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
7. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
8. एफिल टावर कहां स्थित है?
9. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
10. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?



बच्चों, जीके क्विज-125 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-124 का उत्तर :** 1.यूएई, 2.विराट कोहली, 3.मिथुन चक्रवर्ती, 4.जर्मनी, 5. पामीर का पठार, 6.लोहा, 7.कैरोटीन, 8.शेरशाह सूरी, 9.ए. पी. जे. अब्दुल कलाम, 10.मत्स्य पालन

**जीके क्विज-124 का सही उत्तर देने वाले :** अनिल-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पृथ्वीराज-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, जय-दुर्ग, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, आशुतोष-परसदा, आर्यन-रोहतक, दिव्या-रायपुर, हितेश-महासमुंद

## हंसगुल्ले

**नव्या :** दुनिया में कितने देश हैं?
**नैंसी :** सिर्फ एक देश है—भारत।
**नव्या :** तो फिर अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, रूस ये सब क्या हैं?
**नैंसी :** अरे बुद्धू, वो सब तो विदेश हैं।
-खुशबू, रायपुर

चिंटू स्कूल जाते हुए बहुत रो रहा था।
**पापा :** चुप हो जाओ.. शेर बच्चे रोते नहीं।
**चिंटू :** लेकिन शेर बच्चे स्कूल भी तो नहीं जाते।
-राहुल, महासमुंद

**मोनू :** मैं चावल को बर्फ बना सकता हूं।
**सोनू :** (आश्चर्य से) वो कैसे?
**मोनू :** 'R' हटाकर।
**सोनू :** मतलब?
**मोनू :** जब हम RICE (चावल) में से R हटा देंगे तो ICE (बर्फ) ही तो बचेगा न।
-कुमकुम, बिलासपुर

# गोलू और नन्ही चिड़िया

गोलू अपने मामा के गांव से लौटकर आया तो उसे वहां के बगीचे में फुदकती एक चिड़िया बहुत याद आती। उसका यही मन करता, वह चिड़िया यहां भी दिखाई दे। लेकिन चिड़िया दिखाई कैसे देती, उसके घर के आस-पास कोई पेड़ ही नहीं था, जिस पर आकर चिड़िया बैठती, चहकती। क्या गोलू अपने घर के आस-पास पेड़ की कोई व्यवस्था कर पाया?



कहानी
कल्लोल चक्रवर्ती

विद्यालय में दशहरे की छुट्टियां हुईं तो गोलू अपने मामा के गांव चला गया। वहां से जब वह वापस अपने घर लौटा तो उदास था। मामा के गांव में उसके कई दोस्त बन गए थे। उन सबकी गोलू को बहुत याद आ रही थी। सबसे ज्यादा नन्ही चिड़िया याद आ रही थी, जो रोज सुबह बगीचे में उससे मिलने आती थी। हुआ यह कि एक सुबह गोलू बगीचे में बैठा दूध-रोटी खा रहा था, तभी उसकी नजर अमरूद के पेड़ की निचली डाल पर बैठी एक सुंदर-सी चिड़िया पर पड़ी। गोलू को लगा कि चिड़िया उसे दूध-रोटी खाता देख रही है। उसने रोटी का एक टुकड़ा चिड़िया के सामने फेंक दिया, पहले तो चिड़िया ने उसे टुकुर-टुकुर गर्दन मटकाते देखा फिर रोटी का टुकड़ा आकर खा लिया। अगले दिन फिर ऐसे ही हुआ। फिर तो यह गोलू का खेल ही बन गया। मामी उसे खाने के लिए कटोरी में दूध-रोटी देतीं, तो वह बगीचे में जाकर बैठ जाता। एक-दो कौर खाने के बाद ही देखता कि चिड़िया अमरूद के पेड़ की डाल पर आ बैठी है। उससे रोटी पाने का इंतजार कर रही है। गोलू को आश्चर्य होता कि चिड़िया को उसके आने का पता कैसे लगा जाता है? गोलू की इस चिड़िया से बहुत अच्छी दोस्ती हो गई थी।

गोलू जब वापस शहर अपने घर पर लौटा तो भी वह चिड़िया उसे बहुत याद आ रही थी। गोलू की आंखों में आंसू आ गए। उसकी मां ने देखा तो उन्हें यही लगा, मामा के गांव के दोस्तों का साथ छूट जाने से वह दुखी है।

गोलू रात सोया तो सपने में वही नन्ही सुंदर चिड़िया आई। पेड़ पर बैठकर वह गोलू को देख रही थी। गोलू बहुत खुश था। सुबह उठने पर उसे यकीन ही नहीं हुआ कि वह अपने घर में है। गोलू कटोरी में दूध-रोटी लेकर घर के बाहर बैठ गया। उसे लगा कि शायद यहां शहर में भी चिड़िया आएगी। लेकिन यहां दूर-दूर तक कोई चिड़िया नहीं थी। स्कूल जाते हुए वह पूरे रास्ते इधर-उधर देखता रहा कि कहीं वह चिड़िया दिख जाए। उसने दोस्तों से सुना था, चिड़िया उड़कर कहीं भी पहुंच सकती है। स्कूल में पढ़ाई के समय भी वह क्लास में चिड़िया के बारे में सोचता रहा। उसे अपने जिगरी दोस्त चीकू से मिलकर भी खुशी नहीं हुई। स्कूल में छुट्टी होने के बाद घर लौटते समय गोलू ने चीकू को उस चिड़िया के बारे में बताया। चीकू ने बताया, 'मेरे चाचा ने एक चिड़िया पाली थी, पर वह दो दिन में ही उड़ गई। अब वह कभी-कभी पास के पेड़ की डाल पर आकर बैठती है। पेड़ ही तो चिड़िया के घर होते हैं।'

यह सुनकर गोलू उदास हो गया। उसके घर के सामने तो कोई पेड़ ही नहीं है। घर लौटते ही उसने देखा कि दरवाजे पर दादी बैठी हैं। गोलू ने दादी से कहा, 'मैं घर के सामने पेड़ लगाऊंगा, तभी तो चिड़िया बैठेगी।' दादी यह सुनकर जोर से हंस पड़ीं, बोलीं, 'पौधे लगाएगा, तभी तो पेड़ बनेंगे।'

गोलू सोच में पड़ गया कि वह पौधे लाए तो कहां से लाए? दादी को पता था कि ननिहाल से लौटने के बाद से ही गोलू उदास है। उन्होंने कहा, 'तू चिंता मत कर। हरिया माली से कहकर कुछ पौधे मंगवा लूंगी मैं। वह लगा भी देगा।'

अगले दिन गोलू ने स्कूल से आकर देखा कि घर के सामने कुछ पौधे लगाकर हरिया काका ने उन्हें बांस से घेर भी दिया है। खुशी से वह अंदर गया, तो दादी बोलीं, 'बेटा, सिर्फ खुश होने से काम नहीं चलेगा। इन नन्हे पौधों में रोज पानी तुझे ही देना होगा, तभी ये पेड़ बनेंगे, इनमें फूल खिलेंगे, फल आएंगे। इन पर आकर कई सारी चिड़ियां बैठेंगी।'

गोलू खुशी-खुशी राजी हो गया। मन ही मन बोला कि कल स्कूल जाने पर चीकू को सबसे पहले यह खबर दूंगा। उस रात सपने में गोलू को फिर वह चिड़िया दिखाई दी। इस बार वह मामा के घर के बगीचे में अमरूद के पेड़ पर नहीं, उसके घर के सामने लगे पौधों के बीच इधर-उधर फुदक रही है। *

कविता
राम नरेश 'उज्ज्वल'



## उड़कर आसमान को छू लें

चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।
बिना पेड़ पर चढ़े रसीले, आम तोड़ कर खाएं।।
पंख हमें दो ऐसे, जिसमें हों सोने के सिक्के,
जिसे देख कर धरतीवासी रह जाएं भौचक्के,
गिरें टपाटप सिक्के, पांखें जितनी बार हिलाएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
आसमान में छैल-छबीली ढेरों उड़ें पतंगें,
लड़ें पेंच पर पेंच सैकड़ों जब भी कटें पतंगें,
कटी पतंगों को उड़कर हम पकड़-पकड़ फिर लाएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
नाना जी के घर जाना हो या जाना हो मेला,
जाम लगा हो या सड़कों पर उमड़ रहा हो रेला,
पल में पंख पसारें अपनी मंजिल को हम पाएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
बस गाड़ी का इंतजार भी करना नहीं पड़ेगा,
मम्मी-पापा को संग लेकर चलना नहीं पड़ेगा,
उड़कर पढ़ने जाएं, विद्यालय से उड़कर आएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
चिड़िया बोली पंख तुम्हारे भीतर लगे हुए हैं,
हिम्मत, ताकत, जोश, हौसले के पर उगे हुए हैं
बस अंदर झांकें, अपने इन पंखों को फैलाएं।
उड़कर आसमान को छू लें, जो चाहें, वो पाएं।।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां जंगल की सैर पर निकले भोलू भालू के दो चित्र दिए गए हैं। ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सात अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट ये सातों अंतर खोजो।



उत्तर: 1.भोलू भालू की कैप का रंग बदला हुआ है। 2.उसके सिर के ऊपर बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 3.ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी से तीन पत्तियां गायब हैं। 4.ऊपर दाईं तरफ की टहनी में अलग तरह की पत्तियां दिख रही हैं। 5.नीचे दाईं तरफ स्नेल (घोंघे) का कलर बदला हुआ है। 6.नीचे बाईं तरफ दो फूलों का रंग बदला हुआ है। 7.नीचे भोलू के आगे अलग किस्म के दो मशरूम प्लांट्स दिख रहे हैं।

## पूरा करो लोकोक्ति-मुहावरे

बच्चों, यहां कुछ अधूरी लोकोक्तियां और मुहावरे दिए गए हैं, इन सभी में रिक्त स्थानों पर शरीर के किसी-न-किसी अंग का नाम भरने से ये पूरे और अर्थपूर्ण हो जाएंगे। तुम रिक्त स्थानों में उपयुक्त अंगों का नाम भरकर इन लोकोक्तियों/मुहावरों को पूरा करो।

1. ............ का तारा होना।
2. ............ पर जूं न रेंगना।
3. ............ का बाल होना।
4. ............ पर सवार होना।
5. ............ पर मूंग दलना।
6. ............चौड़ा होना।
7. ............ का पानी न हिलना।
8. ............ मुंह को आना।
9. ............ की जूती।
10. ............बांका न होना।
11. ............धोकर पीछे पड़ना।
12. ............जाए पर दमड़ी न जाए।
13. ............ खट्टे करना।
14. ............ टेक देना।
15. ............पर मौत सवार होना।

प्रस्तुति : दीनदयाल शर्मा

उत्तर : 1. आंख 2. कान 3. नाक 4. सिर 5. छाती 6.सीना 7. पेट 8. कलेजा 9. पैर 10. बाल 11. हाथ 12. चमड़ी 13. दांत 14. घुटने 15. सिर

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक नन्ही परी का चित्र दिया गया है। दाईं तरफ चार परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि इस नन्ही परी के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर-2

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी करने कलेक्टर ने दिए...



14 घड़ी चौक में होने वाले अघोषित आंदोलन, कार्यक्रमों से ...



## खबर संक्षेप

### पंचायत भृत्य संघ की बैठक 20 को

**सांकरा।** ब्लाक के ग्राम पंचायत भृत्य संघ की बैठक 20 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजे मां शीतला मंदिर परिसर सिहावा में रखी गई है। बैठक में संघ की गतिविधि एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी अध्यक्ष रूपेश पटेल, सचिव देवचरण नेताम, कोषाध्यक्ष घनाराम गौर ने दी है।

### जिले के चारों विकासखण्ड में प्लेसमेंट कैम्प आज

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र धमतरी द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कौशल पखवाड़ा के तहत जिले के चारों विकासखण्ड में 18 अक्टूबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 820 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। धमतरी विकासखण्ड के लाईवलीहुड कॉलेज में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में 465 पद, जनपद पंचायत कुरूद में 85, जनपद पंचायत मगरलोड में 245 और जनपद पंचायत नगरी में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में 25 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

### राइसमिल ऑपरेटर ने लगाई फांसी

**कुरुद।** ग्राम सेलदीप निवासी मोहितराम साहू पिता स्व. अंगदराम साहू 36 साल विगत कई साल से नगर चरमुड़िया रोड तरफ स्थित बालकिशन अग्रवाल इंडस्ट्रीज में मशीन ऑपरेटर की नौकरी करता था। वह दो तीन दिनों से अपने घर नहीं गया था। बुधवार की दोपहर मोबाइल पर किसी से बात करते करते बायलर हाउस की तरफ गया और पीछे अपने गमछा से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। इसकी जानकारी मिल के मुंशी द्वारा दिए जाने पर कुरुद थाना से पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर पीएम के लिए चीरघर लाया। पीएम पश्चात शव उनके परिजनों को सौंप दिया है। उसने फांसी क्यों लगाई। किससे मोबाइल पर क्या बात हो रही थी। यह जांच के बाद पता चलेगा।

महिलाओं की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका, संशोधन के बाद मतदाताओं की संख्या में आएगा आंशिक परिवर्तन

# सत्तर हजार से ज्यादा मतदाता चुनेंगे शहर की सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के 70 हजार से ज्यादा मतदाता शहर की सरकार का चुनाव करेंगे। इस बार प्रत्याशियों को महिलाओं को साधना होगा क्योंकि पुरूषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। युवाओं की भूमिका भी शहर सरकार चुनने में महत्वपूर्ण होगी।

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में जिला प्रशासन मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा आपत्ति मंगा रहा है। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद मतदाता सूची पर नजर डालें तो धमतरी नगर निगम की सरकार चुनने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मतदाता सूची के अनुसार शहर के 40 वार्ड में कुल 70 हजार 174 मतदाता हैं। पुरूष मतदाताओं की संख्या जहां 33 हजार 517 है वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 36 हजार 655 है। 2 थर्ड जेंडर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा होने से राजनीतिक दल उन्हें साधन का प्रयास करेंगे। मतदाताओं की यह संख्या लोकसभा चुनाव 2024 के बराबर है। केवल एक मतदाता कम है। वह भी इसलिए कि सर्वर में एक मतदाता का डेटा नहीं मिल रहा है। हालांकि यह मतदाताओं की अंतिम संख्या नहीं है। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद इसमें



परिवर्तन होगा, लेकिन यह परिवर्तन ज्यादा बड़ा नहीं होगा। मतदाताओं की संख्या में एक या दो प्रतिशत ही बदलाव आएगा।

### नगर पंचायत में भी महिलाएं आगे

निगम के अतिरिक्त नगर पंचायत में भी महिलाओं का दबदबा रहेगा। जिले में पांच नगर पंचायत हैं। नगर पंचायत कुरूद में कुल 10 हजार 982 मतदाता हैं। इनमें महिलाएं 5 हजार 646 और पुरूष 5 हजार 636 है। इसी प्रकार नगर पंचायत नगरी में कुल 9 हजार 680 मतदाता हैं, जिनमें 5 हजार 54 पुरूष और 4 हजार 626 पुरूष मतदाता हैं। मगरलोड नगर पंचायत में कुल मतदाता 4 हजार 689 मतदाता हैं, जिनमें 2 हजार 426 महिला और 2 हजार 263 पुरूष मतदाता हैं। नगर पंचायत भखारा में कुल 6 हजार 293 मतदाता हैं, जिनमें 3 हजार 206 महिला और 3 हजार 87 पुरूष मतदाता हैं। नगर पंचायत आमदी में कुल 5 हजार 636 मतदाता हैं, जिनमें 2 हजार 904 महिला और 2 हजार 731 पुरूष मतदाता हैं।

### पंचायत चुनाव के लिए तैयार हो रही सूची

जिले की 367 ग्राम पंचायतों में त्रिस्तरीय चुनाव होगा, लेकिन कुरूद के तीन गांव चर्रा, चरमुड़िया और नवागांव ऐसे हैं, जहां पर जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए वोटिंग होगी। पंच और सरपंच का चुनाव यहां एक साल पहले ही हो गया है। इस चुनाव के लिए भी जोर -शोर से तैयारी चल रही है। प्रारंभिक मतदाता सूची तैयार की जा रही है। 24 अक्टूबर को इसका प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा।

# जिले की सड़कों का मरम्मत कार्य हुआ शुरू

- 3 करोड़ की लागत से धमतरी जिले की सड़कों का होगा कायाकल्प : ईई एसके नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश खत्म होने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग ने जिले की सड़कों की मरम्मत व डामरीकरण का काम शुरू कर दिया है। प्रारंभिक स्तर पर गड्ढों को भरने व पेंचवर्क के बाद डामर बिछाया जा रहा है। विभाग के ईई एसके नेताम ने बताया कि बारिश से सड़कें खराब हो गई हैं जिसकी मरम्मत सितम्बर माह में शुरू हो चुकी



है। सितम्बर में गड्ढों को भरने का काम किया गया। अब चूंकि मानसून की विदाई हो चुकी है इसलिए पेंचवर्क के बाद डामरीकरण किया जा रहा है। गुरूवार को सिहावा रोड, नहर नाका चौक के पास निर्माण कार्य किया गया। सिहावा चौक से लेकर भोयना नाका तक निर्माण किया जाएगा। इसी तरह रत्नाबांधा, मुजगहन, आमदी रोड, रूद्री रोड, गोकुलपुर, बिलाई माता रोड का डामरीकरण किया जाएगा। इसके लिए 3 करोड़ रूपये सेंक्सन हुआ।

शहर की सड़कों की मरम्मत और डामरीकरण होने से लोगों को धूल और गड्ढों से राहत मिलेगी। यातायात सुगम होगा। विदित हो कि इस वर्ष जुलाई-अगस्त माह में काफी बारिश हुई है। तेज बारिश से जिले की सड़कें पूरी तरह खराब हो गईं। वाहनों के चलने से गड्ढे हो गए थे।

पीड़ित के पिता ने एसपी कार्यालय में की शिकायत

# निर्माणाधीन मकान के टूटने के भय से युवक ने किया जहर सेवन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निर्माणाधीन मकान को गांव के कुछ लोगों द्वारा तुड़वाने के लिए दबाव बनाने से भयभीत युवक ने जहर सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया है। पीड़ित के पिता ने एसपी से कार्रवाई की मांग की है।

कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम बारना निवासी बलराम साहू ने गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित में शिकायत की है। शिकायत में कहा है कि उनके बेटे राजेश साहू उम्र 32





वर्ष ने मकान नहीं होने पर शासकीय घासभूमि पर काबिज जमीन पर मकाना बनाना शुरु किया है। जब उसने निर्माण कार्य शुरु किया तब गांव के किसी ने भी कोई शिकायत नहीं की। जब छज्जा की ढलाई हुई तक ग्रामीण अध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने आपत्ति करते हुए निर्माणाधीन मकान को तोड़ने के लिए दबाव बनाया। मकान के टूटने के भय से पुत्र राजेश साहू ने जहर सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए कुरूद अस्पताल में भर्ती किया गया। इसके बाद धमतरी तहसीलदार से नोटिस भी भिजवाया गया। शिकायतकर्ता बलराम साहू ने ग्राम समिति के सदस्यों के खिलाफ एसपी से कार्रवाई की मांग की है।



करवा, चलनी, साड़ियों की खरीदी के लिए पहुंच रहीं महिलाएं

# करवाचौथ पर शहर में सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हिन्दुओं के प्रमुख त्योहार में एक करवाचौथ के लिए शहर में बाजार सज गया है। व्रत रखने वाली महिलाएं करवा, चलनी, काशी, साड़ी आदि सामान खरीदने के लिए बाजार पहुंचने लगी हैं। करवाचौथ को लेकर महिलाओं में उत्साह है।

पं. कमलेश शास्त्री ने



बताया कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष के चौथ को यह पर्व मनाया जाता है। रविवार 20 अक्टूबर को व्रत की तिथि है। करवाचौथ पर विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की भलाई और लंबी आयु के लिए कठोर व्रत किया जाता है। भक्ति और प्रेम से जुड़ा यह व्रत सूर्योदय से लेकर रात में आकाश में चांद दिखने तक रखा जाता है। इस दिन करवाचौथ की कथा सुनने के साथ ही भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय, गणेशजी की पूजा की जाती है। व्रती महिलाओं को चंद्रमा को मिट्टी के करवे से ही अर्घ्य देना चाहिए।

### करवा 100 रुपए जोड़ी बिक रहा

मकईचौक में करवाचौथ के लिए आवश्यक सामग्रियों का बाजार सज गया है। कुम्हार राजेंद्र कुमार ने बताया कि मिट्टी के करवा, चलनी, काशी आवश्यक सामग्री है। करवा की जोड़ी 100 रुपए, 60 रुपए चलनी तथा 10 रुपए में काशी बिक रही है। व्रती महिलाओं में उत्साह है।


# चाकू से हमला कर युवक से की लूटपाट

- शराबी युवक ने बाइक सवार को मारा चाकू
- कोलियारी नहरपार व सलोनी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्रामीण क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर चाकूबाजी की घटना हुई। एक घटना में चाकूबाजों ने बाइक सवार पर हमलाकर उससे रूपए लूट लिए, वहीं दूसरी घटना में शराबी युवक ने अन्य युवक को चाकू से घायल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चाकू की नोक पर लूट की घटना कोलियारी नहरपार के रास्ते में हुई है। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम डोड़की का एक युवक मंगलवार की रात्रि मोटरसाइकिल चलाते कोलियारी से नहरपार बाईपास होते हुए अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान हरफतराई नहर पुलिस से पहले बीच रास्ते में दो नकाबपोशों ने उसका रास्ता रोक लिया। नकाबपोश युवकों ने जेब से चाकू निकालकर पर्स निकालने के लिए डराया धमकाया। बाइक सवार द्वारा रूपए देने से आनाकानी करते देख एक आरोपी ने चाकू से युवक के पेट पर हमलाकर दिया। युवक ने बचाव के लिए हाथ को आगे कर दिया। इस हमले में युवक के बाएं हाथ का अंगूठा चाकू से घायल हो गया। अज्ञात आरोपियों ने उसकी जेब में रखे पर्स से 6 हजार रुपए निकाल लिए। आरोपियों को रूपए निकालते देख घायल युवक ने



बाइक चालू कर वहां से भागकर अपनी जान बचाई। दूसरे दिन घायल युवक ने अर्जुनी थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई है।

उल्लेखनीय है कि कोलियारी नहर बाईपास रास्ते में रात होते ही चाकूबाज व नशेड़ी सक्रिय हो जाते हैं। राहगीरों को चाकू दिखाकर लूट लेते हैं। चाकूबाजी की दूसरी घटना केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सलोनी में हुई है। बीते 12 अक्टूबर की रात्रि ग्राम सलोनी निवासी आकाश ध्रुव पिता खोमन कार्यक्रम देखकर अपने साथी भूषण कंवर व चंदन ध्रुव के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान गांव की किराना दुकान के पास गांव के चंद्रभान नेताम ने नशे की हालत में बाइक सवारों को रोककर गालीगलौज करने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए जेब से चाकू निकालकर आकाश के सीने की दाहिनी तरफ हमला कर दिया। इस घटना में आकाश घायल हो गया। घायल की शिकायत पर केरेगांव पुलिस ने आरोपी चंद्रभान नेताम के खिलाफ धारा 115/2, 296/ब, 351/2 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला, बीच-बचाव करने गए शिक्षक से की मारपीट

- फरार हमलावर की तलाश में जुटी पुलिस
- आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने किया पुलिस चौकी का घेराव
- स्कूल में ताला जड़कर गेट के बाहर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला और शिक्षक को जान से मारने की मिली धमकी एवं मारपीट के विरोध में मड़ेली स्कूल के आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने बिरेझर पुलिस चौकी का घेराव किया। स्कूल में ताला जड़कर गेट के बाहर धरना दिया। उचित कार्रवाई के आश्वासन





पर छात्र-छात्राएं वापस स्कूल आए।

पुलिस चौकी बिरेझर में रिपोर्ट लिखते हुए दिलीप पाल पिता स्व. बाबूलाल पाल 57 वर्ष जरवायडीह निवासी ने बताया कि मेरी बेटी का लड़का कृष्णकुमार पाल को बचपन से अपने पास रखा हूं। वह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ेली में कक्षा 12वीं में पढ़ता है। 16 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 9:30 बजे पढ़ने के लिए मड़ेली स्कूल गया था। 4:30 बजे स्कूल से घर वापस आकर मुझे बताया कि लंच के समय अपने दोस्त लोकेश ध्रुव एवं अन्य साथियों के साथ स्कूल के सामने लुमन ठेला के पास गया था। वहां मिचक्चर खरीदकर हम लोग वहीं बैठकर खा रहे थे, तभी उसी समय मड़ेली निवासी गजेंद्र उर्फ बिट्टा और उसके दोस्त राहुल साहू आए और मुझे शराब लाने के लिए बोला तो मैंने मना किया। इसके बाद वे दोनों गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्के से मार पीट करने लगे। यह देखकर मेरे दोस्त लोकेश ध्रुव, शिक्षक हीरालाल साहू और रुस्तम सिंह बीच बचाव करने आये तो उन लोगों को भी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। राहुल साहू ने अपने पास रखे धारदार चाकू जैसे नुकीले हथियार से लोकेश ध्रुव के बाएं हाथ के पास मारकर चोट पहुंचाई। शिक्षक हीरालाल साहू से भी हाथ मुक्का से मारपीट की गई। दिलीप पाल ने इस घटना की रिपोर्ट थाने में लिखाई। पुलिस उक्त मामले में धारा 296 (ख), 115 (2), 351(2), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

इस घटना से स्कूली छात्र-छात्राओं में काफी रोष रहा। छात्र-छात्राओं ने स्कूल में ताला लगाकर गेट के बाहर नारेबाजी की। छात्र-छात्राओं ने पुलिस चौकी का घेराव किया। दोनों आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग पर अड़े रहे। कार्रवाई के आश्वासन के बाद छात्र पुनः स्कूल में पढ़ाई करने आये।

अधिकारियों ने मामले का किया पटाक्षेप, सोरिद कब्रिस्तान में हुआ अंतिम क्रियाकर्म

# मतांतरित व्यक्ति के अंतिम संस्कार को लेकर भटगांव में मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मतांतरित हुए एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए ग्राम भटगांव में दिनभर बवाल मचा रहा। ग्रामीणों में पनपे आक्रोश के बीच अधिकारियों को माहौल शांत कराने घंटों मशक्कत करनी पड़ी। शाम 5 बजे मामले का पटाक्षेप होने के बाद सोरिद स्थित कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया गया।

गुरूवार की सुबह 8 बजे ग्राम भटगांव में ग्राम समाज के प्रमुख उपस्थित होने लगे। मामला था गांव में मतांतरित एक व्यक्ति का। प्रभारी सरपंच दुर्गेश देवांगन ने बताया कि चार-पांच साल पहले भटगांव निवासी बिसुराम साहू ने अपना धर्म बदल लिया था। बुधवार की रात बिसुराम की मौत बीमारी के चलते हो गई। गांव में यह खबर फैल गई कि बिसु का अंतिम संस्कार भटगांव के श्मशान घाट में उनके रीति-रिवाज से होगा। इस खबर से गांव में आक्रोश पनपने लगा। बताया जाता है कि ग्राम समाज के प्रतिनिधियों ने मृतक के परिजनों से कहा कि



भटगांव श्मशान में अंतिम संस्कार हिन्दू रीति-रिवाज से होगा अन्यथा गांव में अंतिम संस्कार नहीं करने देंगे। वहीं मृतक के परिजन गांव में ही अपने रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार करने पर अड़े रहे। इससे गांव में बवाल बढ़ता गया।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम विभोर अग्रवाल, एसडीओपी, धमतरी तहसीलदार, रूद्री थाना प्रभारी अमित बघेल, ग्राम पटवारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घंटों दोनों पक्ष की बात सुनी। आखिरकार शाम 5 बजे फैसला हुआ कि उनके रीति-रिवाज के साथ गांव से बाहर अंतिम संस्कार किया जाये।

खबर है कि भटगांव में करीब 20 परिवार मतांतरण कर चुके हैं। मतांतरित लोग भटगांव में ही अपने रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार के लिए अड़े रहे। अंत में बिसु साहू का सोरिद स्थित कब्रिस्तान में उनके रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

एसडीएम विभोग अग्रवाल ने बताया कि भटगांव में जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई थी। वह अपनी कम्युनिटी के रीति-रिवाज के साथ गांव में अंतिम संस्कार करना चाह रहे थे जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया। मामले का पटाक्षेप हो गया है। उनके रीति-रिवाज के साथ गांव से बाहर अंतिम क्रियाकर्म किया।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### शरद पूर्णिमा की शाम अजय फाउंडेशन ने आयोजित किया कार्यक्रम

# मैथिली ठाकुर की भजन संध्या में झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

शरद पूर्णिमा पर अजय एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन के बैनरतले प्रधानमंत्री मोदी के हाथों सम्मानित मशहूर भजन गायिका मैथिली ठाकुर की भजन संध्या का आयोजन कुरुद में किया गया। मैथिली के कंठ से निकले भजनों को सुन श्रोता झूम उठे।

अजय फाउंडेशन परिसर कुरूद में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विधायक अजय चन्द्राकर ने सनातन के महान मूल्यों को स्वर देने वाली गायिका का स्वागत कर कहा कि वे सफलता की नई उंचाईयों को स्पर्श कर देश विदेश में भारतीय संस्कृति का नाम रोशन करें। फाउंडेशन बनाने के उद्देश्य का जिक्र करते हुए कहा कि हम अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से समाज को कुछ देना चाहते हैं।



उन्होंने युवा वर्ग से विचार संस्कार के साथ इस दिशा में काम करने का आह्वान किया।

आभार प्रदर्शन पूर्व नपं अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने किया। इस अवसर पर एलपी गोस्वामी, भानु चन्द्राकर, राहुल महावर, अनिल चन्द्राकर, सुरेश अग्रवाल, सुभाष, सुनील अग्रवाल, योगेश चन्द्राकर, मनीष अग्रवाल, अभिषेक बैस, इमरान बेग, शिखर चंद्राकर, प्रसन्ना नायडू, लक्ष्मीकांत साहू, शुभम बैस, खेमराज सिन्हा, पावस चंद्राकर, भारती पंचायन, अनुशासन आमदे सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे।





### हारमोनियम और तबले की जुगलबंदी से माहौल हुआ भक्तिमय

मैथिली ठाकुर ने अपने सुमधुर भजनों से श्रोताओं को भक्ति संगीत में झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने मेरी झोपड़ी के भाग खुल जायेंगे राम आएंगे, तोसे नैना मिलाई के, रामसकल गुणधाम की' भजन गाया तो श्रोता भगवान श्रीराम की भक्ति में झूम उठे। हारमोनियम और तबले की जुगलबंदी के बीच भक्ति रस की कुछ ऐसी छटा बिखरी कि अजय फाउंडेशन का पूरा माहौल धर्ममय हो गया।

### भगवान राम के ननिहाल में उनके ससुराल से आई हूं : मैथिली

मशहूर भजन गायिका मैथिली ठाकुर कार्यक्रम के पश्चात मीडिया से संक्षिप्त चर्चा कर अपना परिचय देते हुए कहा कि भगवान राम के ननिहाल में भगवान राम के ससुराल से आयी हूं। शरद पूर्णिमा के अवसर पर कुरुदवासियों से मिलकर बेहद खुश हूं। संगीत से लगाव होने से जुड़े सवाल पर कहा कि हमने संगीत को नहीं चुना, बल्कि संगीत ने ही हमें चुना है। घर पर 4-5 साल की उम्र में जब जानने के लायक हुई तब से लगातार अभ्यास कर रही हूं। उनके दोनों भाई भी इसमें बराबर सहयोग देते है। मैथिली ने बताया कि हर जगह कार्यक्रमों में भजन एवं अन्य अच्छे गानों की प्रस्तुति देने का वह प्रयास करती हैं। जिन्हें लोग पसंद करते हैं और गाने के दौरान डिमांड भी करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर कलाकारों को अपनी प्रतिभा जाहिर करने का बड़ा अवसर मिलता है। इसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए।

## प्रभारी मंत्री टंकराम ने करेली छोटी में वाजपेयी की प्रतिमा का किया अनावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

राजस्व एवं जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा 17 अक्टूबर को मगरलोड प्रवास पर रहे। प्रभारी मंत्री सिहावा विधानसभा के ग्राम करेली छोटी में पहुंचे जहां सर्वप्रथम उन्होंने शीतला माता की पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। गांव की विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की देन है। भाजपा पार्टी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष विजय यदु, मंडल प्रभारी राजेन्द्र गोलछा, जिपं सदस्य खूबलाल ध्रुव, जिला युवा मोर्चा महामंत्री चेतन साहू, जनपद सदस्य दीपा राजू साहू, मेघा मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कोमल यदु, जनपद सदस्य हिरामन ध्रुव, सरपंच आरती नागरची, उपसरपंच फग्गूराम घृतलहरे, खिलेश साहू,टोमन साहू, चंद्रहास प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप

#### भारतीय किसान संघ की जिला कार्यकारिणी में श्रवण शामिल



**मगरलोड।** छग प्रदेश भारतीय किसान संघ की बैठक रोहिणी पुरम साइंस कॉलेज रायपुर के समीप सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। संघ की गतिविधियों को और अधिक विस्तारित करने ग्राम मोहंदी निवासी पूर्व सरपंच श्रवण साहू को भारतीय किसान संघ की जिला कार्यकारिणी में विपणन प्रमुख पद पर मनोनीत किया गया है। श्रवण ने कहा कि जिले के किसानों को बिजली, पानी, राजस्व, खाद, धान, बीज आदि समस्या के समाधान के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। श्री साहू ने गर्मी में फसल चक्र परिवर्तन कर दलहन, तिलहन फसल लगाने की अपील की है। उनकी नियुक्ति पर भारतीय किसान संघ ब्लॉक अध्यक्ष टोमनसिंह साहू, जगदेव ध्रुव, फलेंद्र साहू, जनक साहू, भोपाल साहू, प्रकाश साहू, दीनू पटेल, अर्जुन खुंटे, डॉ खेमलाल साहू, सीताराम सिन्हा, सेवाराम साहू, मिलन नेताम, शत्रुघ्न साहू, परमेश्वर ध्रुव, दशरथ ध्रुव, संतराम भारती, श्यामू, युधिष्ठिर पटेल, सुखीत दीवान, कृष्णा पटेल ने हर्ष व्यक्त किया है।

#### रासेयो छात्रों ने कालेज परिसर में रोपे पौधे

**अंवरी।** पर्यावरण के सरंक्षण एवं मां के प्रति सम्मान के लक्ष्य को लेकर चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत महर्षि वेदव्यास शा.स्ना. महाविद्यालय भखारा के प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## नपं भखारा की निर्वाचन नामावली तैयार, दावा-आपत्ति की प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

नगर पंचायत भखारा की निर्वाचन नामावली की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। निर्वाचन नामावली में दावा आपत्ति हेतु प्राधिकृत कर्मचारी, सहायक अधिकारी, नोडल अधिकारी सहित दावा आपत्ति करने का स्थल भी चिन्हित किया जा चुका है। वार्ड क्र. 1 में शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला भखारा, 2 में नवीन प्राथमिक शाला भखारा, वार्ड 3 में नवीन प्राथमिक शाला, वार्ड 4 में आंगनबाड़ी केंद्र भखारा, वार्ड 5 में शाउमावि भखारा, वार्ड क्र. 6 में नवीन प्राथमिक शाला महावीर चौक, वार्ड क्र. 7 में शाउमावि भखारा, वार्ड क्र. 8 में शाउमावि पश्चिम भखारा, वार्ड क्र.9 में कन्या पूर्व माध्यमिक शाला भखारा, वार्ड क्र. 10 में प्राथमिक शाला भठेली, वार्ड क्र. 11 में आंगनबाड़ी केंद्र नंबर 1, वार्ड क्र. 12 में शामाशा भठेली, वार्ड क्र. 13 में प्राथमिक शाला भठेली, वार्ड क्र.14 में आंगनवाड़ी भवन केंद्र 4, वार्ड क्र. 15 में आंगनबाड़ी भवन केंद्र 4 भखारा में लोगों को निर्वाचन नामावली का निरीक्षण करने, दावा आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित फार्म उपलब्ध कराने के साथ फॉर्म भरने के लिए मार्गदर्शन देना और प्रस्तुत दावा आपत्ति को संग्रहित कर प्रतिवेदन के साथ संबंधित अधिकारी को प्रस्तुत करने का कार्य किया जायेगा। दावा-आपत्ति 23 अक्टूबर की सुबह 10 से शाम 5 बजे तक संबंधित केंद्रो में कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकेगी।




## बरसात निकल गई लेकिन अब तक नहीं हुई मरम्मत

- घढुला बेलर नगरी मार्ग में जगह-जगह गड्ढे, लोग हो रहे चोटिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विकासखंड नगरी में कुछ ऐसे मुख्य मार्ग हैं जहां बीच रोड पर गड्ढे हो चुके हैं। ये बड़ी घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। मुख्यालय आने जाने लोगों को बेलर, घठुला, सांकरा गिधावा, गड़डोंगरी, भुरसीडोंगरी, घुरावड़ सिहावा नगरी के रास्ते से गुजरना पड़ता है। सामाजिक कार्यकर्ता अंगेश हिरवानी बताया कि देवपुर से नगरी रोड गड्ढों से भरा हुआ है आने-जाने वाले लोग काफी परेशान हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। यह समस्या काफी दिनों से है। गड्ढों को देखने विभाग के अधिकारी को फुर्सत ही नहीं है और न ही किसी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ने सुध ली है। शायद जनप्रतिनिधि व प्रशासन को भी किसी अनहोनी घटना का इंतजार है। ज्ञात हो कि इस रोड में क्षमता से अधिक लोड वाले हाइवा वाहन सरपट दौड़ रहे हैं जिस पर आज तक प्रशासन लगाम नहीं लगा सका है। इसका खामियाजा आमजनों राहगीरों को उठाना पड़ रहा है।



इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी महावीर डड़सेना से ऑफिस पहुंचकर जानकारी लेना चाहा मगर वे कार्यालय में अनुपस्थित थे। दूरभाष से संपर्क किया गया लेकिन अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया। कुछ दिन पहले लोगों को दिखाने के लिए रोड पर बने गड्ढे पर मुरुम डालने के लिए डंप किया गया, जो अभी भी पड़ी हुई है। बरसात बीत गई लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हुई। अंगेश हिरवानी ने आगे कहा कि चुनाव के समय विकास की बड़ी -बड़ी बात होती है। आज वे जनप्रतिनिधि छुपकर बैठे हैं।

इस संबंध में धमतरी के उच्च अधिकारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि बजट का प्रस्ताव कर विभाग द्वारा भेज दिया गया है। कुछ दिनों में प्लांट चालू होने पर सड़क की तत्काल मरम्मत की जायेगा। इससे ठेकेदारों को अवगत करा दिया गया है।

## युवा संसद प्रतियोगिता में सेजेस कुरुद अव्वल

- प्रीति सर्वश्रेष्ठ स्पीकर एवं स्वभाव सर्वश्रेष्ठ मंत्री चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन देवांगन धर्मशाला दानीटोला में हुआ। 50 प्रतिभागियों के बीच विभिन्न मुद्दों पर करीब 50 मिनट चली बहस में सेजेस कुरुद के विद्यार्थी प्रीति प्रजापति को सर्वश्रेष्ठ स्पीकर एवं स्वभाव अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ मंत्री का पुरस्कार दिया गया।




युवा संसद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वर्तमान समय के ज्वलंत मुद्दों को उठाया। खाद्य सामग्री में तेजी से बढ़ोतरी, जेनेरिक दवाइयां, जवाहर नवोदय विद्यालय, डॉलर के मुकाबले रुपए का अवमूल्यन, मानव तस्करी, हत्या, आतंकवाद, सीमा पर घुसपैठ जैसे मुद्दे उठाए। इस प्रतियोगिता में धमतरी समेत कुरुद, नगरी और मगरलोड ब्लॉक के अलग-अलग स्कूलों से चयनित 50 विद्यार्थी शामिल हुए। युवा संसद में कार्यवाही करीब 50 मिनट चली। शपथ ग्रहण से लेकर सभी क्रियाकलाप किए गए, जो संसद में होता है। निर्णायक पीजी कॉलेज की डॉ. प्रभा वेरूलकर और निशा तिवारी थीं। नोडल अधिकारी देवेश सूर्यवंशी, सहायक लक्ष्मण राव मगर थे। कार्यक्रम में डीईओ टीआर जगदल्ले, लीलाधर चौधरी, आरके देवांगन, आशीष गजेंद्र, अवध राम साहू थे। संचालन सुरेश साहू और डॉ पातीप शर्मा ने किया।

सेजेस कुरुद को मिली इस सफलता पर प्राचार्य मनेश कुमार सिंह, आरडी साहू व्याख्याता, पॉपी सिंग, मेनका साहू, रामप्रकाश यादव, कौशल पुरी गोस्वामी, आकांक्षा सिंग, लीजालीन, तोमेश साहू, वी पद्मावती, पीटर तिग्गा, शिव निषाद, पिंकी रानी, आशीष सेन आदि शिक्षकों ने हर्ष जाहिर किया है।

## नाली निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

नगर पंचायत भखारा में एडीबी द्वारा मुख्य सड़क किनारे नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। वहीं नागरिकों का कहना है कि नाली निर्माण कार्य में अनियमितता और उचित मापदंड की कमी नजर आ रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामगोपाल देवांगन ने कहा कि एडीबी द्वारा उक्त नाली निर्माण का कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है। सड़क के दोनों तरफ नाली बननी चाहिए, लेकिन यहां एक तरफ ही नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उचित मापदंड की पूरी कमी नजर आ रही है। नाली को सीधा नहीं बनाया जा रहा है। कुछ व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए लहरनुमा नाली बनाई जा रही है। नाली को बीच-बीच में छोड़कर बनाया जा रहा है। नगर के विकास और आगामी वस्तुस्थिति को देखते हुए एडीबी को दोनों तरफ नाली बनाते हुए नगर के बाहर नाला तक जोड़ा जाना चाहिए। नाली निर्माण कार्य की कार्यशैली को लेकर नगरवासियों में रोष है।



## आदिवासी समाज के जननायक थे मंडावी

- विधायक ओंकार ने दूसरी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने पूर्व विधायक स्व. मनोज सिंह मंडावी की दूसरी पुण्यतिथि पर उनके निज निवास नाथिया नवागांव जिला कांकेर पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक श्री साहू ने कहा कि स्व. मंडावी ने छत्तीसगढ़ के विकास व आदिवासियों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपना अधिकांश जीवन अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिये समर्पित कर दिया। विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक सुधारों की वकालत की जिसमें आदिवासी समाज का उन्मूलन, आदिवासी संस्कृति का संरक्षण शामिल है। श्री मंडावी को सरल, सहज व्यवहार व देशभक्ति और लोककल्याणकारी विचारों के लिए हमेशा याद किया जायेगा।




## जनपद सदस्य लोकेश के प्रयास से लाखों के विकास कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना 15वें वित्त अंतर्गत जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 19 कुरूद के जनपद सदस्य डॉ. लोकेश साहू ने अपने जनपद क्षेत्र के ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाई है। इसका लाभ जनपद क्षेत्र के ग्राम सिर्री, चिंवरी, फुसेरा, कुल्हाड़ी, ढेठा को मिला है।

ग्राम पंचायत सिर्री के गड़भेड़ा बाबा मंदिर परिसर में बैठक शेड हेतु 50 हजार, सिर्री के हाईस्कूल भवन परिसर में बास्केटबॉल सहित सेटअप 60 हजार, ग्राम पंचायत चिंवरी में स्कूल चौक टिन शेड निर्माण के नीचे चबूतरा निर्माण 1 लाख 20 हजार रुपए, चिंवरी में डोंगरिया पारा वार्ड नंबर 4 सबमर्सिबल सिंटेक्स पाइप पेयजल हेतु 50 हजार, ग्राम पंचायत कुल्हाड़ी के साहूपारा सामुदायिक भवन के पास शेड निर्माण हेतु 1 लाख रुपए, ग्राम ढेठा के शीतला पारा में टंकी पाइपलाइन सबमर्सिबल सिंटेक्स हेतु 50 हजार, ग्राम पंचायत फुसेरा माध्यमिक शाला स्कूल में प्रोजेक्टर हेतु 50 हजार रुपए, फुसेरा के बाल उद्यान में झूला, फिसलपट्टी बैठक सीट हेतु 1लाख, फुसेरा के भाटापारा रंगमंच में टाइल्स, पेंटिंग, पुताई के लिए 30 हजार रूपये की स्वीकृति मिली है।



5 गांवों में विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर अमरजीत सिंह गुरुदत्ता सरपंच सिर्री, पूजा साहू सरपंच फुसेरा, दिलेश्वरी हरेंद्र साहू सरपंच चिंवरी, युवराज साहू सरपंच कुल्हाड़ी सहित घनश्याम साहू, झागेश्वर ध्रुव, गुल्फीराम साहू, सुरेश साहू, सितेश्वर सिन्हा, उत्पल घिवरिया, तेजराम साहू, चुन्नूराम साहू, धनेश बंजारे, लेखराम सिन्हा, जागेश्वर सिन्हा, राजेश डोटे, जनकराम साहू, नंदू साहू, संजीत साहू, महेश साहू , बलीराम साहू, तोरण साहू, गणेश तारक, अनीता साहू, पूर्णिमा साहू, कामिनी साहू, वंदना ध्रुव, राजेंद्र साहू, चंद्रशेखर साहू, डॉ योगेंद्र, ओमप्रकाश साहू, करण बंजारे, नोहर लहरी, तुलसीराम भीमो, डॉ. विनोद, दुखुराम नेताम, शिवप्रसाद तारक, राजेश साहू, डोमार साहू, संतोष, नरेंद्र भोजलहरी, किशोर वर्मा, एवीस वर्मा, देशांत सिन्हा ने जनपद सदस्य लोकेश साहू के प्रति आभार प्रकट किया है।

### दीपावली पर्व : ग्रामीण क्षेत्र में तैयारी में जुटे लोग

## मम्मी-पापा ने मोबाइल नहीं दिया तो दादी के काम में हाथ बंटाने लगी आकांक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

पहले के ज़माने में शाम होते ही मोहल्ले के बच्चे एक जगह इकट्ठा होकर विभिन्न मनोरंजक खेल खेला करते थे, परन्तु आज मोबाइल के आने से बच्चों में शारीरिक गतिविधियां कम हो गई हैं। बचपन अभी मोबाइल स्क्रीन पर वीडियो स्क्रॉल कर रहा है। ऐसे समय में एक बच्ची अपनी दादी के साथ दिवाली के काम में उनका हाथ बंटा रही है। यह मोबाइल में वीडियो देखने से तो अच्छा ही है। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व को महज 15 दिन शेष है। इसकी तैयारी ग्रामीण क्षेत्र में जोर-शोर से चल रही है। सफाई के साथ ही मिट्टी के घरों में छबाई का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान बोरझरा में 5 साल की आकांक्षा अपनी दादी शारदा रात्रे के साथ कामों में हाथ बंटा रही है। दादी ने बताया कि वह अन्य बच्चों जैसे ही मोबाइल ज्यादा देखती है। मम्मी पापा ने मोबाइल देने से मना कर दिया। मोबाइल नहीं मिलने पर वह मेरे पास आकर बैठ गई। कुछ देर तक छबाई के काम को देखती रही और फिर मेरे साथ काम करने की जिद करने लगी। मना करने के बाद भी वह नहीं मानी और सिर में गमछा बांधकर मिट्टी हाथ में लेकर खेलने लगी। खेलते-खेलते मिट्टी छबाई का काम करने लगी।



Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## समय-सीमा की बैठक में की विभागवार प्रकरणों की समीक्षा

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की विभागवार समीक्षा की और प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने अविवादित नामांतरण, डायवर्सन, नक्शा बटांकन, खसरा, डिजीटल हस्ताक्षर इत्यादि के प्रकरणों को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन और वनग्राम से राजस्व ग्राम हुए गांवों की जानकारी ली।



### मॉडल ग्रामों की समीक्षा की

समय- सीमा की बैठक में कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत मॉडल ग्रामों की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और कचरा संग्रहण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कुल लक्ष्य, स्वीकृत, पहली किश्त और प्लिंथ गैप की स्थिति की जानकारी ली और आवास निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों की जानकारी ली

कलेक्टर सुश्री गांधी ने पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों की स्थिति की जानकारी ली और अधिक से अधिक बच्चों को लाभान्वित करने कहा। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र वितरण और उसके ऑनलाइन एंट्री की जानकारी भी ली। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास, नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, क्रेडा सहित विभिन्न विभागों की बारी-बारी से समीक्षा की।

उन्होंने मिलर्सवार डीओ जारी करने, धान उठाव, चावल जमा सहित धान खरीदी के लिए नोडल अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने विकासखण्डवार रबी वर्ष 2024-25 में क्षेत्राच्छादन के प्रस्तावित कार्यक्रम, दलहन, तिलहन को प्रोत्साहित करने हेतु किए जा रहे प्रयास, ई-केवाईसी, आधार सीडिंग सहित वन पट्टाधारी किसानों की जानकारी ली। फसल चक्र परिवर्तन को प्रोत्साहित करने गांव-गांव शिविर लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम, संयुक्त कलेक्टर रामकुमार कृपाल, विनय पोयाम, डॉ.विभोर अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शास्त्रीय नृत्य में किरण व गायन में मीनाक्षी प्रथम

- पीजी कॉलेज में यूथ फेस्टिवल चयन स्पर्धा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं यूथ फेस्टिवल के प्रभारी प्रो. पंकज जैन एवं डॉ. सीमा साहू के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के नवीन भवन के सेमिनार हॉल में यूथ फेस्टिवल चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रो. पंकज जैन ने यूथ फेस्टिवल के तहत आयोजित म्यूजिक, डांस, परिचर्चा, वाद-विवाद, नाटक सहित समस्त विधाओं के नियम, समय-सीमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उक्त समस्त विधाओं के प्रथम विजेता टीम को 28 से 30 नवम्बर तक रायपुर में आयोजित होने वाले अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव हेतु भेजा जाएगा।

डॉ. सीमा साहू ने प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर दुर्गेशप्रसाद, कोमलप्रसाद यादव एवं कृष्ण कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में वाद-विवाद एवं परिचर्चा प्रतियोगिता रखी गई। एकल शास्त्रीय नृत्य में प्रथम विधि की छात्रा किरण सिन्हा रही। समूह नृत्य में प्रथम स्थान पल्लवी, ऋषि, धनेन्द्र, प्रिया, गगन, हर्षा एवं टीम को प्राप्त हुआ। ताल वाद्य प्रथम सुभंत सालुंके, एकल शास्त्रीय गायन में प्रथम मीनाक्षी सिन्हा, सुगम गायन में प्रथम मानसी सोनकर, समूह गायन में प्रथम स्थान अनामिका, विजयलक्ष्मी, नम्रता, विनीता, प्रीति तनुजा टीम को प्राप्त हुआ। नाटक में प्रथम स्थान पल्लवी टीम को प्राप्त हुआ। परिचर्चा में प्रथम सोमेश्वर प्रसाद गंजीर, वाद-विवाद पक्ष में प्रथम सोमेश्वर प्रसाद गंजीर एवं वाद-विवाद विपक्ष में प्रथम साहिला परवीन रही। रंगोली में प्रथम गौरा पांडे, पोस्टर मेकिंग में प्रथम डॉली साहू, स्पॉट पेंटिंग में प्रथम कौशल, कार्टूनिंग में प्रथम कीर्ति साहू रही। निर्णायक की भूमिका पी.बी. पराडकर, रविकांत गजेन्द्र, चमन दास साहू, डॉ. अनिता राजुपरिया, पी.सी.चौधरी, डॉ. सरला द्विवेदी, डॉ. चनद्रिका साहू, डॉ. तामेश्वरी साहू, के.बी. सत्यार्थी, ग्रेस कुजूर, भूमिका त्रिवेदी, डॉ. वेदवती देवांगन, जयश्री पंचांगम, नीता मित्तल, निधि वर्मा, हिमांशी कदम, गायत्री लहरे, अंकिता पाठक, कामिनी सिन्हा, मेनका साहू, पल्लवी सेन, आकांक्षा मिश्रा ने निभाई।

# सहकारी कर्मचारी 20 तक कालीपट्टी लगाकर करेंगे काम

- मांगें पूरी नहीं होने पर 4 नवंबर से रायपुर में करेंगे अनिश्चितकालीन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी(धमतरी)



सहकारी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की है। नरेंद्र साहू प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि उनकी लंबित तीन सूत्रीय मांग मध्यप्रदेश सरकार की भांति 3-3 लाख रुपये प्रतिवर्ष प्रबंधकीय व्यय अनुदान, सेवा नियम 2018 के आंशिक संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान लागू करते हुए 50 फीसदी बैंक क्रेडर की भर्ती समिति कर्मचारियों से करने, धान खरीदी पर सूखत का प्रावधान कराने को लेकर 18 से 20 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर काम करेंगे।

21 एवं 22 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 23 अक्टूबर से 3 नवंबर तक समिति मुख्यालय में भोजन अवकाश के बाद लंबित मांगों को पूरा करने हेतु नारा लगाएंगे। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होती है तो 4 नवंबर से धरना स्थल रायपुर तुता में अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे।

## कृदत्त कॉलोनी में शरद पूर्णिमा पर बंटी खीर



धमतरी। कृदत्त कॉलोनी गोकुलपुर में बुधवार को शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कॉलोनीवासियों ने नीलेश्वर महादेव मंदिर के पास नीले गगन के नीचे खीर बनाई। रात 12 बजे तक भजन, भक्ति गीत गाकर कॉलोनी का माहौल भक्तिमय कर दिया। भगवान विष्णु की आरती पश्चात खीर का वितरण किया गया।

# रामायण मंच में शेड निर्माण के लिए 5 लाख स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रूद्री क्षेत्र के सेक्टर अध्यक्ष केशवराम साहू ने बताया कि विधायक ओंकार साहू के प्रयास से विधायक निधि से रामायण मंच रूद्री में टिन शेड के निर्माण के लिए 5 लाख की स्वीकृति मिली है। विधायक ने विकास को गति प्रदान करते हुए यह स्वीकृति कम समय में दिलाई है। इस स्वीकृति से क्षेत्र की जनता में खुशी है।

# आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ की समृद्धशाली परंपरा का संवाहक : मंडावी



- रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती पर गर्ल्स कालेज में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर नारायण राव मेघावाले शासकीय कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि कांकेर के पूर्व सांसद मोहन मंडावी थे। अध्यक्षता दमयंती साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ने की। विशिष्ट अतिथि जय हिंदूजा ज़िला महामंत्री भाजयुमो, गीता साहू एवं प्राचार्य डॉ डीआर चौधरी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मंडावी ने कहा कि भगवान ने हर समाज को एक-एक ज़िम्मेदारी दी है तभी सब मिलकर मानव समाज की रचना करते हैं।

ठीक उसी तरह आदिवासी समाज ने प्रभु राम को अपना आदर्श मानते हुए उनके जीवन चरित्र और जीवन संघर्ष को आत्मसात किया है और चरित्रवान समाज का निर्माण किया है। आज आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा का संवाहक बनकर उभरा है। आगे कहा कि आदिवासी समाज कभी भिक्षा नहीं मांगता, कभी धर्मांतरण का समर्थन नहीं करता।

दमयंती साहू ने कहा कि रानी दुर्गावती का योगदान भारत की स्वतंत्रता में अमिट रहा है। उन्होंने मर्दानी के साथ मुग़लों से बिना डरे लड़ा है। उस भारत की वीरांगना के जीवन से भारत की प्रत्येक बेटी को प्रेरणा लेनी चाहिए। जय हिंदूजा ने कहा कि रानी दुर्गावती का शौर्य अविस्मरणीय है। उनकी गौरव गाथाएं सदैव हमारे मस्तिष्क पटल पर विराजित रहेंगी।

आदिवासी समाज भारत का गौरवशाली समाज रहा है। कार्यक्रम को एडिशनल कलेक्टर जीआर मरकाम एवं प्राचार्य डी आर चौधरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ रोहिणी मरकाम व आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक डॉ जेएल पाटले ने किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक ओपी चंदे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# वैकल्पिक मार्ग से कम होगा शहर में ट्रैफिक



- दिवाली से पहले इस मार्ग को खोलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर को बाईपास मार्ग से जोड़ने के लिए बठेना नहर में वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जा रहा है। यह मार्ग लगभग तैयार है। दिवाली से पहले इस मार्ग को खोल दिया जाएगा। इस मार्ग के शुरू होने से शहर में ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा।

बाईपास रोड बनने के बाद हैवी वाहनों को बाईपास में ही डायवर्ट कर दिया गया है। कई छोटी गाड़ियां, बाइक भी बाईपास मार्ग का ही इस्तेमाल करती है। विडंबना यह है कि शहर को इस मार्ग से जोड़ने के लिए कुछ ही सड़क है। अर्जुनी, रत्नाबांधा ही प्रमुख मार्ग है। सोरिद मार्ग भी जुड़ा हुआ है, लेकिन बस्ती के बीच से गुजरने और शहर के अंतिम छोर में होने के कारण इस मार्ग का इस्तेमाल बाईपास तक जाने के लिए नहीं के बराबर होगा। शहर के बीच से बाईपास तक जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। अब बठेना नहर के किनारे मार्ग को तैयार किया जा रहा है। यह मार्ग बठेना से होकर सीधे बाईपास से जुड़ेगा। शहर के भीतर से जो लोग बाईपास तक जाना चाहते हैं, उन्हें इस मार्ग से सहूलियत होगी। यही नहीं शहर में ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा।

### साथ में समस्या भी

इस रोड के बनने से लोगों को सुविधा तो मिलेगी, लेकिन बाईपास में समस्या भी बढ़ेगी। बाईपास में कहीं पर भी गेप नहीं है। संबलपुर से श्यामतराई तक डिवाइडर बना हुआ है। फ्लाईओव्हरों के पास लोग रोड को क्रास किया जा सकता है। बठेना मार्ग केवल एक ओर खुलेगा। यानी जिनको श्यामतराई की ओर जाना है, उनके लिए सुविधा होगी लेकिन जो रायपुर की ओर जाना चाहेंगे, उन्हें बाईपास में रांग साइड से जाना होगा। ऐसे में बाईपास में दुर्घटना का खतरा भी बढ़ेगा।

# एसबीआई ने लगाया पेंशनर्स शिकायत निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




भारतीय स्टेट बैंक समूह द्वारा पेंशनर्स शिकायत निवारण शिविर का आयोजन पेंशनर एसोसिएशन के सभागार में किया गया। अतिथि अरबन सिन्हा क्षेत्रीय प्रबंधक कांकेर, सरोज सिंग सहायक महाप्रबंधक सीपीपीसी छग रायपुर, अजय प्रसाद मुख्य प्रबंधक एसबीआई धमतरी, मनोज त्रिपाठी प्रबंधक सीपीपीसी छग, लक्ष्मीकांत बेहरा सहायक प्रबंधक एसबीआई धमतरी, पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान, पेंशनर कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष होलाराम परिहा थे।

पेंशनरों ने बताया कि इनकम टैक्स के दायरे में नहीं आने के बाद भी डीडीएस कटौती की जा रही है। इससे उन्हें परेशानी हो रही है। बैंक अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस दौरान बैंक अधिकारियों एवं सीपीपीसी छग के अधिकारियों ने बैंक द्वारा पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं जैसे पेंशन लोन, यूनो एप एवं एटीएम के माध्यम से लेन-देन कर बैंक की भीड़-भाड़ से बचने के सुझाव दिये। आवश्यकता पड़ने पर बैंक मैनेजर से सम्पर्क कर सकते हैं। छोटी-मोटी परेशानियों का तत्काल निराकरण किया जायेगा। बैंक अधिकारियों ने पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष, पेंशनर कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं पारिवारिक पेंशनर श्रीमती भारती साहू आमदी का शाल-श्रीफल से सम्मान किया।

## निधन

### कन्हैया वाधवानी



धमतरी। आरटीआई कार्यकर्ता कन्हैया वाधवानी का गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया है। वे स्वर्गीय उधामल वाधवानी के पुत्र, प्रसिद्ध वकील सुश्री पार्वती वाधवानी के भाई, सनी वाधवानी के पिता, विक्की, अमित के चाचा थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा 18 अक्टूबर को सुबह 11 बजे भगवती बेकरी के बाजू बनियापारा निवास स्थान से निकलेगी। उनका अंतिम संस्कार सिंधी मुक्तिधाम में किया जाएगा।









## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में दो के खिलाफ अपराध दर्ज

**धमतरी।** कट मारने की बात पर बाइक सवार युवकों ने कार सवारों से मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। एफआईआर के अनुसार स्थानीय मराठापारा निवासी गौरव मगर ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि बुधवार को वह अपने साथी अभिषेक जाधव व शुभम कृदत्त के साथ भजन संध्या कार्यक्रम देखने कुरूद गए थे। जहां से तीनों कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सिहावा चौक के पास मोहम्मद हसन व अल्ताफ रजा अपनी बाइक को कार से सटाकर चला रहे थे। बाइक सवारों ने गौरव को कैसे कार चलाने की बात कही तब गौरव ने कार रोककर उन्हें गलत बाइक चलाने की बात कही। मोहम्मद हसन व अल्ताफ रजा ने गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। बीच बचाव कर रहे अभिषेक व शुभम के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित गौरव की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351/3, 115/2, 3/5 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### रानी माई देव मेला का हुआ आयोजन

**चारामा।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रानी माई भूमकाल समिति के तत्वाधान में भव्य रानी माई देव मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में 12 गांवों के देवी-देवताओं के साथ डांग, डोरी, गुनिया, सिरहा, बैगा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर कांकेर महाराज कुमार अश्वनी प्रताप देव, श्रवण दरों परगना मांझी ब्लॉक चारामा, यमुना निर्मलकर सरपंच कुरुभाट, हेम मंडावी सरपंच कोटेला, रामशिला मंडावी जनपद सदस्य, पुन्नू लाल जुर्री सरपंच हांका, शत्रुघ्न शोरी सरपंच रानीडोंगरी, हेमचंद साहू उप सरपंच, हेमलाल जुर्री, रोशन नेताम, कृष्णाकांत सिन्हा, रोहित नायक, कमलेश मरकाम, जलिन्दर जर्री, और प्रफुल्ल जुर्री सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग ने खाया जहर अस्पताल में मौत

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत माचपली निवासी 60 वर्षीय गोपीराम तारम पिता सुनुराम ने जहर खा लिया था। तबियत बिगड़ने की वजह से उसे सीएचसी पखांजुर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पखांजुर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी छोटेबेठिया थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर निवासी 57 वर्षीय ईतवारीन कुलदीप पति शिवनाथ का ईलाज के दौरान 1 सितंबर को अस्पताल में मौत हो गया। गोर्वधन राजपूत ने पुलिस को बताया कि मृतिका सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आई थी। ईलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### देवगांव में जसनि शिविर 18 को

**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के क्लस्टर सुरही की ग्राम पंचायत देवगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने का निर्देश कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने जारी किया है। जारी आदेश के तहत शिविर ग्राम पंचायत देवगांव में 18 अक्टूबर की सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर ढाई बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम देवीनवागांव, बागडोंगरी, मारवाही, सुरही, धौंराभाठा, भनसुली, बादल, मर्रामपानी, बिरनपुर, डुमरपानी, थानाबोड़ी, नावडबरी, मासुलपानी, कुरालठेमली, डोमपदर, दबेना और देवगांव के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर ने उक्त शिविर में ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

**चौक मुक्ति मुहिम :** कार्यक्रम रोकने व्यापारियों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

# घड़ी चौक में होने वाले अघोषित आंदोलन, कार्यक्रमों से व्यापारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर के घड़ी चौक से लेकर बालक चौक के व्यापारी इन दिनों यहां पर होने वाले अघोषित कार्यक्रम से परेशान हैं। इन कार्यक्रम की वजह से उनके व्यवसाय पर फर्क पड़ रहा है। ग्राहकी टूट रही है। पार्किंग के लिए जगह नहीं बनती। लाउड स्पीकर की आवाज से कान में शून्यता आने लगी है। सड़क जाम होने से ग्राहक यहां आने से कतराने लगे हैं। व्यापारियों ने कलेक्टर से यहां पर कार्यक्रम रोकने का आग्रह किया। बता दें कि सभी व्यापारी 2022 में भी कलेक्टर को आवेदन दिया था लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।



घड़ी चौक के व्यापारी ज्ञानचंद लुनावत, ललित बरड़िया (जैन), खिलावन लोहार, राजेश ज्ञानचंदानी, प्रताप पंजवानी, हरेश पंजवानी, राजेश पंजवानी आदि ने बताया कि घड़ी चौक के पीछे शास्त्री जी की प्रतिमा के पास सालभर राजनीतिक, धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम होते रहते हैं। इस आयोजन से वहां के व्यापारी परेशान रहते हैं। कार्यक्रम होते तक व्यापार व्यवसाय ठप रहता है। घड़ी चौक सदर बाजार, रामबाग तक जाने का प्रवेश द्वार है। घड़ी चौक के पास रास्ता ब्लाक होने से ग्राहकों का रूट चेंज हो जाता है। घड़ी चौक से लेकर रामबाग तक व्यापार प्रभावित होता है।

यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। रोड जाम होने से यातायात बदतर हो जाता है। कानफोड़ू लाउडस्पीकर से व्यापारी अपने ग्राहकों से बात तक नहीं कर पाता। आयोजन के समय रोड में कुर्सियां लग जाती हैं जिससे आने जाने वालों को परेशानी होती है। उनका कहना है कि वैसे भी सदरबाजार की संकरी गलियों के कारण व्यापार व्यवसाय पहले से ठप है। उपर से घड़ी चौक में अघोषित कार्यक्रम से व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। विदित हो कि दो वर्ष पहले 26 अगस्त 2022 को घड़ी चौक व्यापारी संघ ने घड़ी चौक में कार्यक्रम रोकने आवेदन दिया था लेकिन प्रशासन की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिला। दो साल बीतने के बाद भी उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे व्यापारियों में नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि शहर के रामलीला मैदान, एकलव्य खेल मैदान, मिशन मैदान, इंडोर स्टेडियम आदि ऐसे स्थान हैं जहां कार्यक्रम होने के बाद आम आदमी को कोई तकलीफ नहीं होगी।

## सदर दक्षिण वार्ड में सामुदायिक भवन का लोकार्पण



■ वार्डवासियों को कार्यक्रम के लिए मिलेगा सर्वसुविधायुक्त भवन : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

सदर दक्षिण वार्ड में सामुदायिक भवन का लोकार्पण महापौर विजय देवांगन, वार्ड पार्षद केंद्र कुमार पेंदरिया, एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, पार्षद नीलू पवार, कांग्रेस शहर ब्लाक अध्यक्ष आकाश गोलछा, पूर्व एल्डरमेन सूर्याराव पवार, आशुतोष खरे ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्री देवांगन ने कहा कि सदर दक्षिण वार्ड में सामुदायिक भवन लोकार्पण के बाद वार्डवासियों सहित आस-पास के लोगों को मांगलिक कार्यक्रम करने में काफी सुविधा होगी। आसपास के लोग इसका उपयोग विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम में भी कर सकेंगे। इस दौरान द्वारका ध्रुव, गप्पू पवार, महावीर पेन्दरिया, भुवन यादव, केशव भुवानी, मदन निर्मलकर, रामू नामदेव, दिलीप पेंदरिया, केशव यादव, संजय कौशिक, दुर्गा, सुखबती यादव, कमला, बिन्दा निषाद, रोहनी सिन्हा, कुमारी कौशिक, दीपेश गजेन्द्र, मुन्ना यादव, महेश कौशिक, मुकेश कौशिक, सालिक पेंदरिया, रामू ध्रुव, विरेंद्र ढीमर, मनीष यादव सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं ने भाजपा सदस्यता अभियान के लक्ष्य 9 करोड़ को किया पार : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

भाजपा द्वारा पूरे राष्ट्र में सदस्यता अभियान 2024 के रूप में लोगों को जोड़ने के लिए कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया था। 2 सितंबर से प्रारंभ यह अभियान नियमित समय पर 9 करोड़ के लक्ष्य को पार करते हुए निर्धारित आंकड़ा 10 करोड़ के नजदीक पहुंच गया है।

इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने स्वयं प्राथमिक सदस्य बनाकर सदस्यता सारिणी धमतरी शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू को सौंपते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास का भाव रखते हुए पूरे उमंग व उत्साह के



साथ पार्टी के सदस्यता को स्वीकार करते हुए राष्ट्रवाद की भावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वस्फूर्त आम जनमानस सामने आ रही है।

इसका प्रतिसाद है कि आज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता करोड़ों में पहुंचकर विश्व के नंबर वन पार्टी के रूप में अपना स्थान फिर से स्थापित किया है।

### अछोटी में पंद्रह फीट रावण के पुतले का दहन

**सिर्री।** ग्राम अछोटी में विगत 79 वर्ष से पारंपरिक रूप से गांव की ही लोक मंजरी नाट्य टीम लगातार प्रस्तुति दे रही है। नाटक नवरात्रि से ही प्रारंभ हो जाता है। नवरात्रि दशहरा पर्व पर विभिन्न नाटकों का मंचन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिनों तक नाटक का मंचन किया गया। अष्टमी के दिन मोर मया के गांव छत्तीसगढ़ी नाटक, नवमी के दिन वीर अभिमन्यु की कहानी और अंतिम दशहरा के दिन राम लीला का मंचन किया गया। अंत में 15 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया। इस वर्ष राम की भूमिका में प्रशांत साहू, लक्ष्मण राजू निर्मलकर और रावण अरुण साहू और हनुमान की भूमिका रामेश्वर पटेल ने निभाई। रावण की भूमिका में अरुण साहू के अभिनय को विशेष रूप से सराहना मिली। दशहरा देखने समीपस्थ गांव के भी दर्शक उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

**संबंधित अधिकारियों को विकासखण्डों और नगरीय निकायों का दौरा करने कहा**

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों का पता, मोबाइल नंबर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे कि उनके घर पर सम्पर्क किया जा सके।

उन्होंने इसके लिए संबंधित अधिकारियों को सभी विकासखण्डों और नगरीय निकायों का दौरा करने कहा। साथ ही हेल्पडेस्क बनाकर फॉर्म भरने के तरीके, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने कहा। उन्होंने योजना की जानकारी देने और इसके प्रचार-प्रसार के लिए अधिक से अधिक शिविर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर



जी.आर.मरकाम सहित क्रेडा और विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मूफ्त बिजली योजना के तहत एक से तीन किलोवॉट तक का सोलर प्लांट लगाने के लिए सरकार 30 हजार से 78 हजार रूपये तक अनुदान दे रही है। तकनीकी रूप से तीन किलोवॉट के सोलर प्लांट में हर माह औसतन 300 यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। हितग्राही की छत पर उत्पादित पूरी बिजली यदि आपके घर में उसी माह उपयोग नहीं होती तो वह सीएसपीडीसीएल के ग्रिड में संरक्षित कर आगामी माह के उपयोग हेतु उपलब्ध रहेगी, जिसका फायदा लाभार्थी घरेलू उपभोक्ता को निरंतर प्राप्त होता रहेगा।

## फ्लैक्स व्यवसायी की जिले से बाहर मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

कुरुद के एक फ्लैक्स व्यवसायी की जिले से बाहर मौत की खबर से नगर में सनसनी फैल गई है। तीन दिन से लापता व्यवसायी की लाश बालोद जिला के गुंडरदेही क्षेत्र के एक गांव में मिली है। मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा।



सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नपं कुरुद के वार्ड क्रमांक 1 पचरीपारा सिरसा चौक निवासी मनोज उर्फ मोनू चन्द्राकर पिता स्व.शिवदयाल चन्द्राकर 52 साल 13 अक्टूबर को धमतरी अस्पताल से घर आया। खाना खाने के बाद टहलने जा रहा हूं कहकर पैदल निकला जो वापस नहीं आया। दूसरे दिन 14 तारीख को उनके परिजनों ने थाना पहुंचकर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। इस बीच गुरुवार की सुबह गुंडरदेही पुलिस से सूचना मिली कि मनोज अस्पताल में है, देखने आ जाओ। परिजन पहुंचते इससे पहले उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक मनोज की लाश ग्राम बोरगहन गुंडरदेही क्षेत्र के पास मिली थी। बहरहाल उसकी मौत कैसे हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ज्ञात होगा। पुलिस ने पंचनामा, पीएम के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिया है।

## किसानों को कचरे से जैविक खाद बनाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

■ कृषि विज्ञान केन्द्र ने चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान

कृषि विज्ञान केन्द्र ने डॉ. ईश्वर सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। डॉ. सिंह ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वैज्ञानिक डॉ. शक्ति वर्मा ने कहा कि अपने आसपास सफाई रखने की आवश्यकता है तथा कचरे का उपयोग कर जैविक खाद बनाने हेतु प्रेरित किया। वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने बताया कि यह स्वच्छता अभियान 2 से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है।

कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। स्वच्छता हेतु शपथ, गांव में गंदे एवं कचरे




ढेर जमा स्थानों की सफाई, बाजारों, मंदिरों के आस-पास सफाई, पिकनिक स्थल के आस-पास सफाई, कालोनी, ग्राम पंचायत, विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों के साथ मिलकर आसपास सफाई कर स्वच्छता का संदेश देना, कार्यालयों में जंग समानों की सफाई, पेंटिंग समेत ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में बताया गया। सफाई मित्रों को स्वच्छता किट का वितरण किया गया। वैज्ञानिक प्रेमलाल साहू ने कृषकों को प्राकृतिक खेती की जानकारी प्रदान की। डॉ. दीपिका चन्द्रवंशी ने पर्यावरण प्रदूषण, मृदा स्वस्थ तथा रसायन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। इस अभियान में कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी आशीष बंजारे प्रक्षेत्र प्रबंधक, रीतिका ठाकुर कार्यक्रम सहायक, पौध रोग एवं कर्मचारी की भी भागीदारी रही।

### थाने में की गई शस्त्र की पूजा

**मगरलोड।** मगरलोड थाने में विजयादशमी के दिन विधि-विधान से शस्त्र की पूजा की गई। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। शस्त्र पूजन में टीआई राजेश जगत, एएसआई धनीराम नेताम, शंकर आरदा, महिला आरक्षक विद्या गजपाल, लता साहू, त्रिवेणी ध्रुव शामिल हुए।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

## रांवा के युवाओं ने मनाई शरद पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

ग्राम रांवा में युवाओं ने हर्षोल्लास के साथ शरद पूर्णिमा मनाई। रात्रि में खीर प्रसादी का वितरण किया गया। मौके पर नामदेव राय, गजेंद्र पटेल, देव साहू, टोनी साहू, अजय सिन्हा, दाऊलाल यादव, आशो पटेल, छगन पटेल, कामता साहू, सौरभ सेन, निक्की पटेल, पंकज पटेल, धर्मेंद्र यादव, यादराम पटेल, संतोष निर्मलकर उपस्थित थे।



### फसल चक्र प्रणाली से अवगत हुए छात्र

**बगदेही।** शासकीय उच्चमर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के प्राचार्य आरके बघेल ने छात्रों को फसल चक्र प्रणाली एवं इसके महत्व और साइडो ऑफिसर के बारे में जानकारी दी। ज्ञात हो कि कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार सभी स्कूलों मे कृषि, पर्यावरण, जल, जंगल के महत्व पर विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बच्चों को कृषि शिक्षा की जानकारी दी जा रही है। इससे बच्चों में कृषि के प्रति रुझान बढ़ेगा। जल जागर का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों को जल महत्व बताया गया। मौके पर आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस अग्रवाल, पी शर्मा, एल सोन, एम ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**पार्षद विजय मोटवानी ने आमापारा में गढ़े विकास के नए आयाम**

# 77 लाख के विकासपरक कार्यों पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

आमापारा वार्डवासियों को लंबे समय से विकास की दरकार थी। इसी विश्वास की कसौटी पर युवा नेता पार्षद विजय मोटवानी खरा उतरे हैं। अब बालक चौक से आमापारा चौक भगत सिंह की मूर्ति से लेकर बालक चौक तक लोगों को अब बरसाती पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। पानी सीधे बालक चौक से अंडर ग्राउंड नाली के माध्यम से मकई तालाब पहुंच जाएगा। इससे मकई तालाब भी लबालब होगा और गर्मी के दिनों में भूगर्भ जल स्तर भी बना रहेगा। पार्षद विजय मोटवानी ने बताया कि शहर विकास के लिए राशि स्वीकृत होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा नरेंद्र रोहरा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में शहरी प्रशासन विभाग ने इस योजना को मूर्त रूप दिया।



श्री मोटवानी ने एक चर्चा में कहा है कि जिस विश्वास के साथ आमापारा वार्ड के मतदाताओं ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी थी उस पर शत-प्रतिशत खड़ा उतरना मेरा धर्म है और मैं इसी का निर्वहन कर रहा हूं। वार्ड में 77 लाख से निर्माण कार्य होंगे।

बाल कला मंदिर सामुदायिक भवन निर्माण 19.50 लाख, अंबा चौक से फटाका दुकान यतीम खाना अरिहंत मेटल घड़ी चौक होते हुए मकई गार्डन 31.50 लाख आरसीसी नाली निर्माण, चमेली चौक से मठ मंदिर चौक तक आरसीसी नाली निर्माण 7.95 लाख, मंगल भवन से जैन मंदिर तक आरसीसी नाली निर्माण 3.74



लाख, अशोक उदासी घर से नेमी जसूजा घर तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण 3.50 लाख, गणेश सचदेव के घर से यतीम खाना तक आरसीसी नाली निर्माण 2.25लाख, सिंधी धर्मशाला के पास शेड निर्माण 7



लाख, बालक चौक नाला निर्माण 2.85 लाख कार्य शामिल हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:- स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/- 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411